आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 04.12.2025 समय : 18.30 पीएम

- केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बाल विवाह मुक्त भारत के लिए सौ दिन के विशेष जागरुकता अभियान का शुभारंभ किया।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कल श्रीगंगानगर में फिरोज़पुर फीडर के पुनर्निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे।
- देश का इलेक्ट्रिक वाहन बाजार वर्ष 2030 तक 20 लाख करोड़ रुपये तक पहुँचने की आशा।
- पांचवें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स कल सम्पन्न होंगे।

000

केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज नई दिल्ली में बाल विवाह मुक्त भारत के लिए एक सौ दिन के गहन जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर महिला और बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर भी उपस्थित थीं। बाल विवाह को समाप्त करने की राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए केंद्रीय मंत्री ने प्रतिभागियों को राष्ट्रीय शपथ दिलाई। इस अभियान के तहत स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और पंचायतों में जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी।

इस अवसर पर महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि सरकार ने 2030 तक भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि समाज, समुदायों और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से देश बाल विवाह मुक्त भारत बनने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। यह अभियान अगले वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाप्त होगा।

--------------

राज्य में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का एक साल पूरा होने पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। पाली में 100 दिवसीय विशेष अभियान की शुरुआत पर जिला स्तरीय कार्यक्रम हुआ। इस दौरान बालिकाओं को बाल विवाह रोकथाम अभियान की जानकारी दी गई और शपथ दिलाई गई। साथ ही, नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया।

कोटपूतली–बहरोड़ जिले में अबूझ सावों के मद्देनजर बाल विवाह के खिलाफ "हर घर दस्तक" अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत ग्रामीणों को कानूनी जानकारी दी जा रही है। बाल विवाह की सूचना के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर संपर्क करने की अपील की गई है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कल श्रीगंगानगर के साधुवाली में फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। इससे गंगनहर में सालभर पानी की पर्याप्त आवक बनी रहेगी तथा किसान रबी और खरीफ फसलों की जरूरत के अनुसार सिंचाई कर सकेंगे।इस परियोजना की कुल लागत 647 करोड़ रुपये है। इसमें पंजाब राज्य की हिस्सेदारी 379 करोड़ रुपये और राजस्थान की हिस्सेदारी 268 करोड़ रुपये है। फीडर के पुनर्निमाण कार्य के शिलान्यास पहले आज पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़ ने तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि ये समारोह गंगनहर शताब्दी वर्ष के आयोजनों का हिस्सा है। श्री राठौड़ ने कहा कि फीडर के पुनर्निमाण कार्य से क्षेत्र के किसानों को बड़ा फायदा मिलेगा।

000

जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने आज हनुमानगढ़ पहुंचकर भाखड़ा नहर परियोजना की श्याम सिंह वाला माईनर के पुनरुद्धार कार्य का निरीक्षण किया। मंत्री ने मौके पर निर्माण सामग्री की गुणवत्ता जाँची और अभियंताओं को कड़े निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई होगी। श्याम सिंह वाला माईनर का यह पुनरुद्धार कार्य लगभग 21 करोड़ रुपये की लागत से साढ़े 29 किलोमीटर की लंबाई में किया जा रहा है। इस कार्य के पूरा होने से क्षेत्र के 10 हजार से अधिक किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिल सकेगा।

000

राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि भारतीय ज्ञान परम्परा और प्राचीन वैज्ञानिक अवधारणाओं के साथ समन्वित रूप से वैज्ञानिक अनुसंधान और आगे बढ़ेगा। श्री बागडे आज जोधपुर में जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में बोल रहे थे। उन्होंने वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं से आग्रह किया कि वे भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शोध के मूल्यों को समाजहित और प्रकृति संरक्षण के साथ जोड़ें।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार की मंशा प्रदेश की प्रगति यात्रा में प्रवासी राजस्थानियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि राजस्थान को निवेश का हब बनाने में प्रवासी राजस्थानी मूल के अखिल भारतीय और केन्द्रीय सेवा अधिकारियों की अहम भूमिका है। मुख्यमंत्री आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न राज्यों में पदस्थापित राजस्थानी मूल के अधिकारियों से प्रवासी राजस्थानी दिवस के संबंध में बात कर रहे थे।

श्री शर्मा ने आगामी 10 दिसम्बर को होने वाले प्रवासी राजस्थानी दिवस के लिए इन अधिकारियों को आमंत्रित किया। उन्होंने अपील की कि अधिकारी अपने अनुभवों और संपर्कों से उद्यमियों को राजस्थान में निवेश के लिए प्रोत्साहित करें। अधिकारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, निवेश अनुकूल नीतियों, और पर्यटन की ब्रैंडिंग को और सुदृढ़ करने जैसे रचनात्मक सुझाव दिए।

000

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि भारत का इलेक्ट्रिक वाहन बाजार वर्ष 2030 तक 20 लाख करोड़ रुपये तक पहुँच जाएगा। इसके साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों की वार्षिक बिक्री एक करोड़ रुपये हो जाएगी। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के उत्तर में श्री गडकरी ने बताया कि वर्तमान में देश में 57 लाख इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकृत हैं।

000

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ई–बस योजना के तहत भरतपुर में ई–बस सेवा शुरू करने की स्वीकृति दे दी है। इसके तहत जल्द ही शहर में 20 से 30 ई–बसों का संचालन शुरू होगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस योजना से शहर और आसपास के 25 गांवों के लोगों को काफी सुविधा हो जाएगी।

000

राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत डिजिटाइजेशन कार्य में कई जिलों ने शत–प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया है। डीग और पाली जिलों ने मतदाताओं के 100 प्रतिशत फॉर्म डिजिटाइज कर यह उपलब्धि प्राप्त की है। डीग के जिला निर्वाचन अधिकारी उत्सव कौशल ने बताया कि यह लक्ष्य समयबद्धता और मजबूत समन्वय से पूरा हुआ।

000

पांचवें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स कल सम्पन्न होंगे। इन खेलों के ज्यादातर मुकाबले पूरे हो चुके हैं। इनमें देशभर के 222 विश्वविद्यालयों के 4 हजार 448 एथलीट्स ने अपना दम–खम दिखाया। हमारे संवाददाता ने बताया कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में आज भी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी का दबदबा रहा और उसके खिलाड़ियों ने कई पदक अपने नाम किये।

000

सवाईमाधोपुर में अग्रणी बैंक की ओर से कल आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला अग्रणी प्रबंधक प्रदीप कुमार ने बताया कि इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनकी बिना दावेदारी वाली वित्तीय संपत्तियों और जमा राशियों की जानकारी देना है। कार्यक्रम में सभी बैंक, बीमा तथा म्यूचुअल फंड कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि जिले के बैंकों में लगभग 1 लाख से ज्यादा खातों में 27 करोड़ रुपये की राशि पिछले दस वर्षों से निष्क्रिय पड़ी है, जिसे अब खाताधारक या उनके आश्रित दावा पेश कर प्राप्त कर सकते हैं। सत्यापन के लिए केवाईसी दस्तावेज लाना आवश्यक होगा।

000

अलवर यूआईटी प्रशासन ने आज सिलीसेढ़ झील के पेटे पर बने एक होटल को सील कर दिया। इसके अलावा क्षेत्र में बने चार अन्य होटलों को भी सील करने की कार्रवाई की गई है। यूआईटी के अनुसार इन होटलों ने भू–रूपांतरण और निर्माण के लिए मंजूरी नहीं ली।

000

चित्तौड़गढ़ सैनिक स्कूल में आज नौसेना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कैडेट्स को नौसेना की उपलब्धियों और राष्ट्र की रक्षा में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर आधारित शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। मुख्य अतिथि मेजर सी श्रीकुमार ने कैडेट्स को भारतीय सशस्त्र बलों की शौर्य गाथाओं से प्रेरणा लेने तथा राष्ट्रसेवा के लिए हमेशा तैयार रहने के लिए प्रोत्साहित किया। समारोह में स्कूल के नेवल विंग के कैडेट्स को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

000